दिनांक–16.03.2024 समय–2.10pm

प्रादेशिक समाचार एकांश,
आकाशवाणी, भोपाल
दोपहर समाचार

लोकसभा चुनाव–तारीख

निर्वाचन आयोग अब से कुछ देर बाद लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा करेगा। दिल्ली के विज्ञान भवन में दोपहर 3 बजे मुख्य चुनाव आयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस करके तारीखों की जानकारी प्रदान करेंगे। मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को समाप्त हो रहा है। वर्ष 2019 की ही तरह इस वर्ष भी अप्रैल और मई के महीनों में लोकसभा चुनाव कराए जाने की संभावना है। इसके साथ ही चार राज्यों– आंध्र प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के विधानसभा चुनाव की तारीखें भी आज तय हो सकती हैं। आयोग ने जानकारी दी है कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ आज आम चुनाव 2024 पर प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेंगे। आपको बता दें कि तारीखों के ऐलान के साथ ही पूरे देष में आदर्ष आचरण संहिता लागू हो जाएगी।

सूर्य घर––मुफ्त बिजली योजना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सूर्य घर––मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत एक करोड़ से अधिक घरों के पंजीकरण पर प्रसन्नता व्यक्त की है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत देश के सभी हिस्सों से पंजीकरण हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुफ्त बिजली योजना से ऊर्जा उत्पादन सुनिश्चित होने के साथ घरों के बिजली खर्च में भी व्यापक कटौती होगी। उन्होंने कहा कि यह पहल एक बेहतर धरती के लिए पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली को व्यापक रूप से बढ़ावा मिलेगा। श्री मोदी ने लोगों से इस योजना के तहत यथाशीघ्र पंजीकरण कराने का आग्रह किया। पंजीकरण के लिए वेबसाइट का पता है– पीएम सूर्यघर डॉट जीओवी डॉट आईएन।

सीएए मोबाइल ऐप

नागरिकता–संशोधन अधिनियम, 2019 के तहत आवेदन करने के लिए 'सीएए–2019' मोबाइल ऐप शुरू हो गया है। गृह मंत्रालय के अनुसार ऐप को गूगल प्ले स्टोर और वेबसाइट– इंडियन सिटिजनषिप ऑनलाइन डॉट एनआईसी डॉट इन से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

राजस्व–संग्रहण

वाणिज्यिक कर आयुक्त स्वतंत्र कुमार सिंह ने कहा है कि प्रदेश के त्वरित आर्थिक विकास के लिये राजस्व–संग्रहण में वृद्धि आवश्यक है। उज्जैन में दो दिवसीय नेशनल टैक्स कॉन्फ्रेंस "ज्ञानलोक" को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप जीएसटी के माध्यम से शासकीय राजस्व में वृद्धि के लिए उद्योगों की स्थापना एवं व्यावसायिक कार्यो में पूंजीगत निवेश अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने मध्यप्रदेश को "सम्भावनाओं का प्रदेश" बताते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में पूंजी निवेश क्यों, कैसे और किन–किन क्षेत्रों में किया जा सकता है, जिससे न केवल निर्माताओं व व्यावसायियों को इसका लाभ प्राप्त हो। बल्कि राज्य के लाखों परिवारों को रोजगार भी प्राप्त हो सके।

प्रसार भारती अध्यक्ष

नवनीत कुमार सहगल प्रसार भारती के नये अध्यक्ष बन गए हैं। श्री सहगल भारतीय प्रशासनिक सेवा के उत्तर प्रदेश संवर्ग के 1988 बैच के सेवानिवृत अधिकारी है। वे प्रसार भारती के पूर्व अध्यक्ष ए. सूर्यप्रकाश का स्थान लेंगे जिनका कार्यकाल 2020 में समाप्त् हो गया था।

सेबी–बीटा संस्करण लॉन्च

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड–सेबी ने इस महीने की 28 तारीख़ से टी प्लस ज़ीरो सेट्लमेंट के बीटा संस्करण को वैकल्पिक आधार पर शुरु करने की मंजूरी दे दी है। टी प्लस ज़ीरो सेट्लमेंट का अर्थ है–– पूंजी बाज़ार में कारोबार के दिन ही राशि का भुगतान कर दिया जाएगा।

यह सुविधा 25 शेयरों और सीमित शेयर ब्रोकर्स के लिए शुरु की गई है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- रबी विपणन वर्ष 2024–25 में समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन हेतु पंजीयन के लिये आज अंतिम तारीख है। धार जिला आपूर्ति अधिकारी ने किसानों से निकटतम पंजीयन केन्द्र पर जाकर निर्धारित अवधि में पंजीयन कराने का अनुरोध किया है।
- शिवपुरी जिले में लोक सभा चुनाव को लेकर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन कार्य से संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को 18 मार्च को प्रशिक्षण दिया जाएगा।
- आज राष्ट्रीय खसरा दिवस पर नीमच कलेक्टर ने जिलेवासियों से अपने बच्चों को खसरे का टीका लगवाने अपील की है।
- सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों की सुनवाई लंबित करने पर आगरमालवा कलेक्टर ने जिले के 29 अधिकारियों का एक सप्ताह का वेतन काटने के आदेश जारी किये है।
- नर्मदापुरम जिले के सतपुड़ा टाइगर रिजर्व क्षेत्र में 2015 में हुए बाघ और पेंगोलिन के शिकार के आरोपित अंतरराष्ट्रीय तस्कर ताशी शेरपा का पालिग्राफ और ब्रेन मैपिंग टेस्ट किया जाएगा। न्यायालय ने इसकी अनुमति दे दी है।
- जबलपुर उच्च न्यायालय ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि स्पीडी ट्रायल सभी का अधिकार है और इसे किसी भी स्थिति में लंबे समय तक टाला नहीं जा सकता।

नमस्कार।